# पंचायत समिति की बैठक में शिक्षा और खनन का मुद्दा गर्माया

**खेतड़ी,** (निसं)। पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह थे। विशिष्ट अतिथि सीएमएचओ डॉक्टर छोटे लाल गुर्जर, पूर्व विधायक हजारीलाल गुर्जर, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल चंद सैनी, उपखंड अधिकारी जय सिंह, तहसीलदार विवेक कटारिया, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन राजेश सैनी, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश यादव, पुलिस उप अधिक्षक विजय कुमार, थाना अधिकारी विनोद सांखला, सीबीईओ जितेंद्र सुरोलिया, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष ग्यारसी लाल गुर्जर, पूर्व प्रधान बजरंग सिंह चारावास तथा अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर ने की।



खेतडी विधायक डॉ. जितेन्द्र सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया।

पंचायत समिति की साधारण सभा में शिक्षा और खनन को लेकर मुद्दा खूब गर्माया, जिला परिषद सदस्य अमर सिंह गुर्जर ने निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता व मापदंड पर सवाल उठाए, वही समाजसेवी सुभाष तातिजा ने 4 वर्ष से लगातार तातीजा ग्राम की अध्यापिका पर घर बैठकर वेतन लेने का आरोप लगाया। वहीं गोरीर में हो रहे अवैध खनन को लेकर माइनिंग विभाग पर भी सवाल खडे हो गए, जिसको उपखंड अधिकारी ने गंभीरता से लिया और सभी मामले में संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। बलवीर मीणा ने मीणा समाज की बस्ती को पट्टे देने की बात कही। इस दौरान सीएम सलाहकार डॉ. जितेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यों की जो भी शिकायत है वह लिखकर पंचायत समिति प्रधान को दें, जिससे उनकी समस्याओं का निस्तारण हो सकें, साथ ही कुंभाराम नहर परियोजना से जो भी गांव ढाणी नहीं जुडे हैं, उनके बारे में भी सरपंच लिखकर अवगत कराएं, जिससे सभी का एक साथ काम हो सके। साधारण सभा की खास बात यह रही कि सीएम सलाहकार डॉ.सिंह ने विधायक कोटे से चार एंबुलेंस खेतडी, बबाई, बडाऊ, जसरापुर के अस्पतालों को सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर सरपंच व चिकित्सा प्रभारियों को चाबी सौंप कर नई सौगात दी, चारों एंबुलेंस को डॉ. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने कहा कि खेतडी विधानसभा के जो भी छोटे बडे अस्पताल है, जल्द ही उनमें एक एक

- निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता व मापदंड पर सवाल उठाए

एंबुलेंस व एक्सरे मशीन तथा ईसीजी मशीन व लैब की सुविधाएं जल्द विधायक कोटे से की जाएगी। पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर बंटी गुप्ता, विकास अधिकारी सी आर मीणा, एसीबीईओ अनीता चौधरी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. संजय कुमार सैनी, परिवहन के अधिकारी रमेश यादव, श्रवण दत्त नारनोलिया, समाजसेवी झंडू राम, समाजसेवी शंकर गुर्जर, सुभाष तातीजा, सरपंच संजय देव गुर्जर, हरिराम गुर्जर, प्रकाश अवाना, विजय नालपुर, भाई दयाराम, राजेश जांगिड, पाबू दान सिंह, बलवीर मीणा, दयाराम खरडिया, जितेंद्र चांवरिया, राकेश गुर्जर, गफ्फार खान, सरदारा राम सैनी, नवील खान, हवा सिंह, गोपीराम मौजूद रहे।

## उपनिदेशक ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**सादुलपुर,** (निसं)। जिले के सबसे बड़े सरकारी स्कूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ का राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के उपनिदेशक शंभू सिंह चौधरी, समग्र शिक्षा अभियान चूरू के एपीसी राकेश भांभू ने निरीक्षण किया। नोडल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने उपनिदेशक और एपीसी समग्र शिक्षा का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें छात्र-छात्राओं की शिक्षा व्यवस्था तथा विद्यालय में संचालित शैक्षिक प्रशैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया।

उपनिदेशक और ए.पी.सी. ने विद्यालय में स्थित अटल टिंकरिंग लैब में बच्चों द्वारा तैयार तैयार किए गए विभिन्न इनोवेशन-जैसे ड्रोन सोलर, पावर बाइक रोबोट, स्मार्टफोन, स्मार्ट रडार सिस्टम सैनिटाइजर मशीन इत्यादि का निरीक्षण कर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही व्यवसायिक शिक्षा स्वास्थ्य शिक्षा साइकिल वितरण और परीक्षा संचालन व्यवस्था के साथ-साथ विद्यालय में स्थित आधुनिक आधुनिक सुविधाओं से युक्त जिम हाल के साथ-साथ समस्त विद्यालय व्यवस्था का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्था पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन की समुचित व्यवस्था हेतु प्रशंसा की।

# वन विभाग की भूमि पर किये अतिक्रमण को हटाया



तारानगर में जेसीबी द्वारा अतिक्रमण हटाये गये।

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा वनविभाग की भूमि पर किये गए अतिक्रमण पर पीला पंजा चलाकर अवैध कब्जे को हटाया गया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी जितेंद्र सिंह नरुका व वनपाल राजेन्द्र सिंह मालसर ने बताया कि क्षेत्र के सात्युं सड़क मार्ग पर स्थित वन विभाग की करोडों रुपये की भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर रखा था। विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को बार बार लिखित में नोटिस भी दिया गया तथा वन विभाग व राजस्व विभाग द्वारा सर्वे करवाकर निशानदेही भी दी गयी लेकिन अतिक्रमणकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और प्रतिदिन विभाग की भूमि पर बढ़ते रहे। नरुका व मालसर ने बताया कि पक्की दीवार कर किये गए 4 अतिक्रमण व कंटीले तारा व झाड़ियों की दीवार बनाकर किये गए 11 अतिक्रमणों को हटाया गया। विभाग के अधिकारियों ने कहां जहां कहीं भी यदि किसी ने विभाग की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है या तो वे स्वत: ही हटा लेवें अन्यथा अभियान चलाकर उन सबको हटाया जाएगा। विभाग की भूमि पर किसी का भी कब्जा नहीं होने देंगे। इस मौके पर रेंजर जितेंद्र सिंह नरुका, वनपाल राजेन्द्र सिंह, रामकुमार सैनी, मीनाक्षी, रणवीर सिंह, ज्वालाराम, रणवीर सिंह, वनरक्षक सावित्री, सुनील, राजवीर, महेंद्र, ताने खां सहित पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

## शिविर आयोजित

**पाटन,** (निसं)। सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रशासन गांवों के संग अभियान के अंतर्गत अंतिम चरण के आखिरी दिन शुक्रवार को नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने गोडावास ग्राम पंचायत में राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वितों को प्रमाण पत्र वितरित कर उपस्थित आमजन को संबोधित किया। विधायक मोदी ने शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन गांव के संग अभियान शिविर के दौरान लोगों को लाभ मिला है। शिविर में खाते शुद्धिकरण 11221, नामांतरण 9746, आपसी खातों का विभाजन 1357 रास्तों के प्रकरण 549, पट्टा आवंटन 6196, पत्थर गढ़ी 2626 सहित सभी विभागों द्वारा बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया गया है जो अपने आप में बहुत बड़ी गर्व की बात है। आज ग्राम पंचायत गोडावास में हुए कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए शिविर प्रभारी व उपखंड अधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि शिविर मे खाता दुरुस्ती 1462, सहमति से खाता विभाजन 206, प्रचलित रास्ते 18, नामांतरण 662, सीमा ज्ञान 246, राजस्व रिकॉर्ड की नकल 1472, अतिक्रमण हटाना 12, जारी पट्टों की संख्या 61, पीएम फसल बीमा योजना 580, जारी पास 20, अल्पकालीन ऋण 35.58 लाख, दिव्यांग प्रमाणपत्र 07, ओपीडी 340, आदि कार्य मौके पर ही निस्तारण किये गये।

# स्वर्ण पदक विजेता निकिता लांबा का किया अभिनंदन

**चूरू,** (कासं)। श्रीगंगागनर के एस.जी.एन. खालसा महाविद्यालय में आयोजित अन्तर्महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में चूरू बालिका महा विद्यालय की बी.ए.भाग तृतीय की छात्रा निकिता लाम्बा ने पांच किलोमीटर पैदल चाल प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- प्रतियोगिता में समय के आधार पर छात्रा अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई

प्रतियोगिता में समय के आधार पर छात्रा अखिल भारतीय विश्वविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। छात्रा भुवनेश्वर, ओडिसा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालयी दल में छात्रा अनिता मेघवाल व टीम मैनेजर के रूप में तंजीम बानो साथ थी। महाविद्यालय परिसर में छात्रा निकिता लाम्बा के आगमन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव भागीरथ शर्मा, प्राचार्य डॉ.एल.एन.आर्य व उप प्राचार्य आशा कोठारी ने माल्यार्पण कर छात्रा का स्वागत किया। स्वर्ण पदक विजेता छात्रा को शैक्षणिक स्टाफ की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप ट्रेक शूट दिया गया। छात्रा अनिता मेघवाल को भी महाविद्यालय की ओर से ट्रेक शूट दिया गया। प्राचार्य डॉ.एल.एन.आर्य ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में केरियर संबंधी अपार सम्भावनाएं है। प्रत्येक छात्रा को अपने व्यक्तित्व का निर्माण व स्वास्थ्य के लिए खेलकूद में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर छात्रा के पिता राजकुमार लाम्बा सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित था। खेलकूद विभाग के प्रभारी डॉ. मंसूर अली खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निर्मला सैनी ने किया।

## सरकार तीन साल के जश्न में डूबी, आमजन परेशान : कस्वा

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ पंचायत समिति के ब्लॉक नंबर 14 में हो रहे पंचायत समिति सदस्य के उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बनवारी भगत के पक्ष में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामसिंह कस्वा ने जनसंपर्क करते हुए कहा कि आमजन को वोट के मूल्य की पहचान करनी होगी। कस्वा ने कहा कि वोट कीक्या कीमत है, यह अहसास जनप्रतिनिधियों को दिलाना होगा।

उन्होंने कहा कि आज से तीन वर्ष पूर्व सादुलपुर विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराने से आज आमजन काफी परेशान है। जिन लोगों ने झूठे वादे कर सत्ता हासिल की थी, जिसमें किसान का संपूर्ण कर्जा माफी, बेरोजगारों का बेरोजगारी भत्ता दिलाने की शर्ते मुख्य थी, लेकिन आज तक वादा कर सता में आई सरकार ना किसान की सुध ले रहे हैं और ना ही बेरोजगारों की सुध ले रहे हैं। पूर्व सांसद कस्वा ने कहा कि एक तरफ सरकार अपने 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जश्न मना रही है। वहीं दूसरी तरफ हमारी पंचायत समिति में यह उप चुनाव है, मेरी आम मतदाता से अपील है कि वह सही मत का प्रयोग करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जीता कर राजस्थान सरकार की नाकामी का संदेश पूरे राजस्थान में देंगे। उन्होंने आम मतदाता से अपील की है कि 21 दिसंबर को होने वाले उपचुनाव में भाजपा को विजयी बनाकर सरकार के विरोध का संदेश दें। जिला प्रमुख प्रतिनिधि मोहनलाल आर्य ने कहा कि आज राजस्थान का दलित समाज काफी पीडित है, उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। राजगढ पंसमिति की प्रधान विनोद देवी पूनिया ने कहा आप यहां से भाजपा को जिताईये ना तो आपको पहले और ना ही बाद में किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## 85 दिव्यांगो के आवेदन लिए

**उदयपुरवाटी,** (निसं)। लोक सेवा ज्ञान मन्दिर ट्रस्ट एवं राजस्थान रोडवेज निगम के संयुक्त तत्वाधान में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत उदयपुरवाटी नगरपालिका परिसर में निशुल्क रोडवेज बस यात्रा स्मार्ट कार्ड के आवेदन लिए गए। ट्रस्ट के उपखण्ड प्रभारी पार्षद अज तसीड ने बताया शिविर का शुभारम्भ पालिकाध्यक्ष रामनिवास सैनी ने किया। सैनी ने कहा कि पालिका प्रशासन दिव्यांगों की सुविधा विस्तार के लिए हर समय तैयार है। दिव्यांगो के लिए प्रयास रहेगा कि कोई भी योजनाओं से वंचित ना रहे। तसीड ने बताया कि शिविर में 85 दिव्यांगो के आवेदन लिए गए। लोक सेवा ज्ञान मन्दिर ट्रस्ट की टीम ने आये हुए दिव्यांगो की मदद की। रोडवेज निग्रम के दिव्यांग बस यात्रा पास शाखा प्रभारी योगेश कुमार मीणा ट्रस्ट के दिव्यांग प्रकोष्ट प्रभारी भरत प्रजापति, अध्यक्ष राहुल असवाल, कमल जीनगर, ताराचन्द नांगल मौजूद थे।

# प्रशासन गांवों के संग शिविर में शर्मा ने की शिरकत

**नवलगढ/कोलसिया,** (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शुक्रवार को सौंथली में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में अभियान के अंतिम दिन विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा ने शिरकत की। जहां विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा के स्वागत में जनसैलाब उमड पड़ा, एक दर्जन जगहों पर डॉ. राजकुमार शर्मा का स्वागत हुआ।

सौंथली के मुख्य मार्ग में जगह - जगह पुष्पवर्षा हुई। डीजे के साथ विधायक डॉ. राजकुमार को समर्थक घोडी पर बैठाकर शिविर स्थल तक पहुंचाया। शिविर में विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा ने आमजन की समस्याएं सुनी। संबंधित अधिकारियों को विभागवार प्रकरण निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीओ सुमन सोनल ने प्रशासन गांवों के संग अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विधायक डॉ. राजकुमार ने कहा कि अगले सत्र से सौंथली स्कूल में भूगोल विषय शुरू होगा, सौंथली स्कूल में विधायक कोष से 5 लाख रूपए से विकास कार्य होंगे, खेल ग्राउंड की तारबंदी करवाई जाएगी, खरींटा की ढाणी में 38 लाख रुपए की लागत से राजकीय उपस्वास्थ्य केंद्र बनेगा, वहीं करोडों रूपये की लागत से सौंथली से जाखल, कारी, बडवासी व नवलडी होकर डूंडलोद तक 7 मीटर चौडी सडक बनेगी, सौंथली में 1.22करोड की लागत से पेयजल योजनाओं का विस्तार होगा, 2 लाख लीटर का जलाशय और नई पाइपलाइन का भी निर्माण होगा, सौंथली का पटवार मंडल अलग करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा, होलाणा से हुकमपुरा सीमा तक 2 किमी लंबी सडक बनेगी, विधायक कोष से सौंथली ग्राम पंचायत में दस हाईमास्क लाइट लगेंगी, सौंथली में पशु चिकित्सा उपकेंद्र का भवन बनेगा। प्रधान दिनेश सुंडा ने कहा कि कटानशुदा सभी रास्तों में ग्रेवल डलवाने का काम किया जाएगा। सरपंच परमेश्वरी देवी व उपसरपंच सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत भी किया। इस दौरान तहसीलदार ज्वालासहाय मीणा, नायब तहसीलदार महेंद्रसिंह मूंड, जाखल सरपंच मनोज मूंड, सुमेरसिंह कारी, आनंद बुगालिया, कार्यवाहक बीडीओ जरनैलसिंह, बीसीएमओ डॉ. गोपीचंद जाखड, एक्सईएन हरिराम कालेर, जलदाय एईएन राकेश ओला, सीडीपीओ इंदिरा सूरा, डीएसओ कपिल झाझडिया, बुगाला उपसरपंच रोनक गुप्ता, पूर्व सरपंच तुलसीराम पूनियां, सुभाष मेघवाल, नागरमल, फूलचंद खरींटा, सवाईसिंह शेखावत, रामकरण चौधरी, रामगोपाल अग्रवाल उपस्थित रहे।

# 'अधिकाधिक छात्राओं को मिलेगा लाभ, स्कूटी वितरण योजना होगी विस्तृत'

**झुंझुनूं,**(निसं)। दूर दराज क्षेत्र से पढ़ने के लिए कॉलेज आने वाली छात्राओं की राह अब आसान होगी। इसके लिए मेधावी छात्राओं को विभिन्न योजना के अंतर्गत राज्य सरकार की ओर से दी जा रही स्कूटियों की संख्या में भी अब इजाफा होगा। यह बात शहर के सेठ नेतराम मघराज टिबडेवाल राजकीय पीजी महिला महाविद्यालय में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत छात्राओं को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने कही।



झुंझुनूं के सेठ नेतराम मघराज टिबडेवाल राजकीय पीजी महिला महाविद्यालय में छात्राओं को परिवहन राज्य मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला ने स्कूटी वितरित की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्कूटी वितरण योजना को और अधिक विस्तृत करने की तैयारी कर रही है। जिससे अधिकाधिक छात्राओं को लाभ मिल सकेगा। राज्यमंत्री ओला ने कहा कि सरकारी महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करना जिले के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में जिन छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, उन 87 छात्राओं को स्कूटी वितरण की गई। प्राचार्य डॉ. डीपी मीणा ने बताया कि जिले की सभी सरकारी महाविद्यालय की मेधावी छात्राओं को सत्र 2019-2० के तहत स्कूटी वितरित की गई। जिसमें सामान्य वर्ग की 50, अनुसूचित जाति की 28, अल्पसंख्यक वर्ग की 9 छात्राओं को स्कूटी मिली। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य मौजूद रहें। इस दौरान परिवहन राज्यमंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने महाविद्यालय परिसर में बनाएं गए गांधी अध्ययन केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीपी मीणा, समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह, सह समन्वयक डॉ. अभिलाषा आबुसरिया, अनिता जैफ, युवा कांग्रेस नेता राजेश गोदारा मौजूद रहे।

- दूर दराज क्षेत्र से पढ़ने के लिए कॉलेज आने वाली छात्राओं की राह अब आसान होगी

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हल्ला बोल आंदोलन आज

झुंझुनूं,(निसं)। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आज हल्ला बोल आंदोलन किया जायेगा। न्यू पेंशन स्कीम एम्पलाइन फेडरेशन ऑफ राजस्थान की झुंझुनूं जिला ईकाई ने जिला मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से शनिवार को प्रस्तावित हल्ला बोल आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह डूडी ने बताया की संगठन इसके लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलायेगा। शनिवार को आंदोलन की शुरूआत करते हुए प्रदर्शन के साथ सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। संगठन के जिला समन्वयक सुनील शर्मा व जिला संयोजक प्रमेन्द्र काजला ने बताया कि 22 दिसम्बर को सभी जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर अधिसूचना का दहन कर प्रदर्शन किया जायेगा।

## सार-समाचार

### भाजपा नेता के संयोजन में निकली रैली

**चिड़ावा,** (निसं)। राज्य में कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने चिड़ावा में जन आक्रोश रैली निकाली। सूरजगढ़ बाईपास से रैली संयोजक राजेश दहिया के नेतृत्व में रवाना हुई रैली में भाजयुमो जिलाध्यक्ष जयसिंह माठ, जिला उपाध्यक्ष वर्षा सोमरा, राकेश पाटनवाला, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, विकास कस्वां, भाजयुमो जिला कार्यालय मंत्री राजू मराठा, जिला प्रवक्ता हितेश पचार, मुकेश खण्डेलवाल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, विकास पायल, सन्दीप कटेवा, मुकेश जलिन्द्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता 200 से अधिक गाड़ियों में चिड़ावा से रवाना हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और विरोध जताया। आक्रोश रैली सूरजगढ़ मोड़, कबूतर खाना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड होते हुए बगड़ होते हुए झुंझुनूं रवाना हुए।

### सड़क के मरम्मत कार्य को पूरा करवाने की मांग

**चिड़ावा,** (निसं)। चिड़ावा से मंड्रेला जाने वाली टूटी हुई सड़क के कार्य को फिर से शुरू करवाने की मांग को लेकर क्षेत्र के नागरिकों ने जिला उपभोक्ता समिति के जिलाध्यक्ष प्रभु शरण तिवाड़ी व महेन्द्र सिंह रणवा की अगुवाई में सार्वजनिक निर्माण विभाग के मंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी के मार्फ़त तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लिखा गया है कि चिड़ावा से मंड्रेला जाने वाली सड़क से आसपास के गांवों के नागरिकों का पैदल व वाहनों के द्वारा आवागमन होता है। काफी समय पहले बनी उक्त सड़क अब टूट कर जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच चुकी है। सड़क ठीक करवाने की मांग को लेकर अधिकारीयो को बार-बार निवेदन करने पर सडक पर पेच वर्क का कार्य प्रारंभ हुआ परन्तु कुछ ही दूरी तक सड़क के पेच वर्क ठीक करने के बाद ठेकेदार ने काम करना बंद कर दिया। अब यहाँ से गुजरने वाले यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रात्रि के समय तो सड़क के गड्डों के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से टूटी हुई सड़क के मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग की है।

### बैठक का आयोजन हुआ

**झुंझुनूं,**(निसं)। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग सहायक निदेशक ने बताया कि गुरूवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सत्त विकास लक्ष्य क्रियान्वयन एवं मोनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बाबूलाल रैगर सहायक निदेशक द्वारा सतत विकास लक्ष्य के युएनओ द्वारा निर्धारित 17 गोल्स के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। जिला कलेक्टर द्वारा जिले के कुल 251 इण्डीकेटर की विभाग वार समीक्षा की गई जिसमें जिन विभागों के इण्डीकेटर की प्रगति गत वर्ष से कम रही, उन्हें प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित 17 गोल्स को 2030 तक प्राप्त करने के लिये और अधिक कार्य किये जाने के लिये निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

### प्रशिक्षण कैम्प का शुभारम्भ

**झुंझुनूं,**(निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि डाईट परिसर झुंझुनूं में 6 दिवसीय रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैम्प का शुभारम्भ किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार करना है। इस कैम्प का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विनोद जानू एडीपीसी समग्र शिक्षा झुंझुनूं द्वारा किया गया। अध्यक्षता डाइट प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेन्द्र कपुरिया एसीपी समसा, मनोज मूण्ड पीओ, समसा थे। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह जाखड, एसीबीईओ समग्र शिक्षा, अशोक कुमार पूनियां एसीबीईओ, सुभाषचन्द्र एसीबीईओ द्वितीय, प्रताप सिंह सहायक लेखाधिकारी प्रथम, धर्मपाल सिंह लाखलाण एवं मुकेश भास्कर आरपी, रणवीर सिंह शशि प्रशिक्षण लिडर मौजूद थे।

### शिविर में महिलाओं की जांच की

**झुंझुनूं,**(निसं)। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा शुक्रवार को कार्यालय परिसर में बिरला सार्वजनिक अस्पताल पिलानी के निदेशक डॉ. मधुसूदन मालानी के सौजन्य से महिला गर्भाशय कैंसर चिकित्सा शिविर का नि:शुल्क आयोजन किया गया। शिविर में 150 महिलाओं की चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। शिविर उद्घाटन के दौरान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, कोषाधिकारी दीपिका साहू, डॉ. मधुसूदन मालाणी, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला, आईसीडीएस के उपनिदेशक विजेंद्र राठौड, सीडीपीओ ज्योति रेपसवाल, उषा कुलहरी भी उपस्थित रही। जिला प्रमुख ने कहा कि महिला अधिकारिता विभाग का यह सराहनीय कदम है जिसके तहत विभाग निजी अस्पतालों की भागीदारी कर महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा कर रही है।

### भारतीय किसान संघ का अधिवेशन सम्पन्न

सादुलपुर, (निसं)। भारतीय किसान संघ प्रान्त जयपुर का दिन का अधिवेशन 14-15 दिसम्बर को प्रदेश कार्यालय जयुपर में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मणीलाल लबाना राष्ट्रीय सदस्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से कालूराम बागडा को जयपुर प्रान्त का अध्यक्ष विधिवत रूप से निर्वाचन किया गया। डॉ. सावंरमल सोलोट को महामंत्री के रूप में निर्वाचित किया गया। वहीं चूरू जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीचन्द सिद्ध सरदारशहर को प्रान्त मंत्री के रूप में निर्वाचन किया गया तथा शंकर लाल महर्षि पूर्व जिला अध्यक्ष को संभाग महामंत्री के लिए निर्वाचन किया गया। त्रि-वार्षीक अधिवेशन में प्रान्त के सभी जिलों से कार्यकारिणी पहुंची थी। चूरू जिले से जिला उपाध्यक्ष मुकेश रामपुरा, जिला युवा प्रमुख अनिल भाकर, जिला उपाध्यक्ष मामराज तर्ड, गौसेवा प्रमुख देवीलाल जोशी, पर्यावरण प्रमुख रामजस साहरण उपस्थित थे। बनिता स्वामी सरदार शहर को प्रान्त महिला सप्रमुख के लिए निर्वाचन किया गया है।

### शहीदों के साहस बलिदान को याद किया

उदयपुरवाटी, (निसं)। शहर में राजीव गांधी युवा विकास संस्थान कोट के तत्वावधान में बीएल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्वाजंली सभा में 1971 के भारत पाक युद्व के दौरान शहीद हुए भारतीय सैनिकों को युवाओं की ओर से पीएनबी बैंक के सामने शेखावाटी उत्कर्ष क्लासेज में गुरूवार को श्रद्वांजली दी गई। इस अवसर संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने बताया कि इस वर्ष भारत देश अपने सैन्य इतिहास में विजय दिवस को स्वर्णिम विजय दिवस के रूप में मनाकर 1971 के युद्व में शहीद हुए सैनिकों के साहस और बलिदान को याद कर रहा है। तेरह दिनों तक चले इस युद्व में भारतीय जाबांजों के साहस ओर शौर्य के आगे पाकिस्तान सैना ने घुटने टेक दिए थे। बीएल सैनी ने इस युद्व को भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय बताया। इस दौरान तमिलनाडु के कुन्नूर हेलीकाप्टर हादसे में शहीद हुए सैनिको को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्वांजलि दी गई। श्रद्वांजली सभा में सुरेन्द्र सैनी, महेन्द्र गुर्जर, पंकज यादव, विजेन्द्र सैनी, ताराचन्द सैनी, संजय सैनी, अनुराग सहित कई मौजूद थे।

### साइकिल वितरण समारोह आयोजित

**बीदासर,** (निसं)। तहसील की ग्राम पंचायत दूंकर के राजकीय विद्यालय में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल वितरण योजनान्तर्गत साईकिल वितरण का कार्यक्रम ग्राम की सरपंच ज्ञानू देवी की अध्यक्षत में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों द्वारा विद्यालय की कक्षा 9 में अध्ययरत बालिकाओं को योजनान्तर्गत साइकिलें वितरण की गई। सरपंच ज्ञानू देवी के कार्यक्रम में कहा कि लड़कियां किसी भी मामले में लड़कों से कम नहीं है और देष-प्रदेष के विकास में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही हैं। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगिण विकास के लिए आवष्यक है कि बालिकाएं षिक्षित हों। उन्होंने बालिका षिक्षा प्रोत्साहन को समर्पित इस योजना की प्रषंसा करते हुए ग्रामीण क्षेत्र की अधिकाधिक बालिकाओं का प्रवेष विद्यालय में करवाने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच भागीरथ राव, सरपंच पति रूपाराम भामू, चैनाराम भामू, नेमाराम भामू, दूलनाथ सिद्ध, मांगीलाल भामू, सुभाश भामू, मालाराम मेघवाल सहित ग्राम के अनेक जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं विद्यालय स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

### रजनीश सीगड का किया सम्मान

**खेतडी नगर,** (निसं)। हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की केसीसी इकाई में कार्यरत मुख्य सुरक्षा अधिकारी रजनीश कुमार सिगड का उप निदेशक खान सुरक्षा, (महानिदेशालय खान सुरक्षा) पद पर संघ लोक सेवा आयोग, भारत सरकार द्वारा चयन किए जाने पर केसीसी स्थित आईपे परिवार ने स्वागत समारोह का आयोजन किया।